Need to make treatment of cancer and other serious diseases affordable for lower and middle class.-laid

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): कैंसर और गंभीर रोगो के मरीजों का इलाज और दवाइया निशुःल्क उपलब्ध कराने के संदर्भ में असम और नार्थ ईस्ट सहित देश में कैंसर रोग आज एक महामारी का रूप ले रहा है। विश्व स्वस्थ्य संगठन के मुताबित वर्तमान में दुनिया के 20 फीसदी कैंसर मरीज भारत में है। इस बीमारी के कारण हर साल 75000 लोगों की मौत होती है। हजारो लाखो परिवार महंगी इलाज के कारण आर्थिक मानसिक रूप से तबाह हो जाता है। असम सहित उतर पूर्वोतर क्षेत्र मे कैसर के रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। एक आकडे के अनुसार पिछले 10 वर्ष में 210 प्रतिशत कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। यहाँ के मरीजों को कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वेल्लोर तथा देश के कोने कोने में भटकना पडता है। रोगी और उसके परिवार के लिए यह बहुत पीडादायक होता है। मैं भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार को कैंसर सहित अन्य गंभीर रोगो का सही इलाज हेतु तथा महंगे खर्चे से राहत देने के लिए तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए ।